गोयन्ददासोत जोधा राठौड़ों के इतिहास, ठाकुर गोविंददास की प्रतिमा स्थापना पर चर्चा की

नांद में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं सहित भावी पीढ़ी को वंशावली व अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी कराने पर जोर दिया।

अजमेर जिले में ग्राम नांद के राजपूत सभा भवन में गोयन्ददासोत जोधा शोध संस्थान की प्रतिनिधि सभा के कार्यक्रम में 25 गांवों के प्रतिनिधियों सहित समाजबंधुओं ने भाग लिया।

- गोविंदगढ़ में ठाकुर गोविंददासजी की अष्ट धातु की प्रतिमा स्थापना होगी
- प्रतिनिधि सभा में जोधा राठौड़ की वंशावली को संशोधित कर दिया अंतिम रूप
- हमारी संस्कृति व परम्परा को जीवित रखकर समाज की एकजुटता जरूरी : धर्मेंद्र राठौड़
- युवा पीढ़ी को अपने इतिहास और पहचान को आगे बढ़ाने की सीख लेनी चाहिए : श्रवण सिंह बगड़ी

अजमेर, (कासं)। ग्राम नांद के राजपूत सभा भवन में गोयन्द दासोत जोधा शोध संस्थान की प्रतिनिधि सभा रविवार को 25 गांवों के प्रतिनिधि और समाज के सैकड़ों पुरुषों व महिलाओं की मौजूदगी में ऐतिहासिक सभा आयोजित की गई। इस ऐतिहासिक सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि रविवार को यह कार्यक्रम अपने इतिहास और पहचान से जुड़ने का ऐतिहासिक अवसर है। युवा पीढ़ी को अपने इतिहास, वीरता को आगे बढ़ाने की सीख लेनी चाहिए।

वर्तमान समय में युवाओं और भावी पीढ़ी को वंशावली व अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी होना बेहद जरूरी है। ऐसे कार्यक्रम होना समाज के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रतिनिधि सभा आयोजित करने वाले संस्थान के संयोजक धर्मेंद्र राठौड़ सहित संस्थान के प्रतिनिधियों की सराहना और उनको बधाई दी।

सभा की अध्यक्षता करते संस्थान के संयोजक धर्मेंद्र राठौड़ ने सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गोयन्द दासोत जोधा का इतिहास करीब साढ़े चार सौ साल पुराना है। यह हमारी पांचवी प्रतिनिधि सभा है। इस प्रतिनिधि सभा का आयोजन करने के पीछे हमारा यही मकसद है कि भावी पीढ़ी अपने इतिहास, परम्परा, राजस्थानी संस्कृति को याद रखे और इसको आगे बढ़ाए। ऐसे आयोजन से समाज में एकजुटता होती है। उन्होंने कहा कि

आगामी अक्टूबर महीने तक गोविंदगढ़ में ठाकुर गोविंददास जी की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह मूर्ति अष्ट धातु की बनाई जाएगी। हम सबकी इच्छा है कि जोधपुर के पूर्व महाराजा गजसिंह के कर कमलों से मूर्ति स्थापना हो।

विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा ने कहा कि राठौड़ संघर्ष करने वाली कौम है। मुगलों के आक्रमण के दौरान संघर्ष कर अपना बलिदान दिया और अब देश की रक्षा व सेवा के लिए बलिदान देने में सबसे आगे है। विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार की जरूरत है।

जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा ने समाज के भवन के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। पूर्व वंशावली बोर्ड अध्यक्ष राम सिंह राव ने कहा कि अपनी वंशावली व इतिहास को संजोए रखना समाज के लिए अतिआवश्यक है। गोयन्द दासोत जोधा शोध संस्थान का यह समाज हित का कार्य सराहनीय है।

सभा की अध्यक्षता करते संस्थान के संयोजक धर्मेंद्र राठौड़ व सह संयोजक कर्नल मोहन सिंह राठौड़ व वंश प्रदीप सिंह आदि अतिथियों ने नंदराय माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर सभा का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व माल्यार्पण कर जोशीले अंदाज में उत्साह से स्वागत किया।

गोयन्द दासोत जोधा शोध संस्थान के संयोजक धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि सुबह रजिस्ट्रेशन के साथ सभा का शुभारम्भ हुआ।

इस सभा बैठक में गोयन्द दासोत जोधा संस्थान के 25 गांवों के प्रतिनिधि और सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साह से शिरकत कर सभा को यादगार बना दिया।

प्रतिनिधि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने शिरकत की। सभा की अध्यक्षता पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष व संस्थान के संयोजक धर्मेंद्र राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत हाईकोर्ट न्यायाधीश करणी सिंह, राठौड़, गोयन्द दासोत जोधा शोध संस्थान सह संयोजक कर्नल मोहन सिंह राठौड़, पूर्व वंशावली बोर्ड अध्यक्ष राम सिंह राव, इतिहासकार महेंद्र सिंह तंवर, भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा, जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा, वंश प्रदीप सिंह गोविंदगढ़, पूर्व एएजी मेजर आरपी सिंह, नाहर सिंह पाटवी नांद व इतिहास लेखन, शोध व प्रकाशन प्रभारी नंद लाल सिंह बाबरा, भंवर लाल सुथार, महेंद्र सिंह मझेवला, विक्रम सिंह टापरवाड़ा ने शिरकत की और सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने संबोधित कर सभा की प्रशंसा की और समाज की एकजुटता के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी करने की बात कही।

डॉक्टर सुमन राठौड़ व कृतिका जोधा ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में विशेष रूप से गोयन्ददासोत जोधा राठौड़ों के इतिहास और गोविंदगढ़ के ठाकुर गोविंददास जी की प्रतिमा की स्थापना के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

प्रतिनिधि सभा में प्रताप सिंह राठौड़ फौजी, वीरेंद्र सिंह राठौड़, माल सिंह राठौड़, विष्णु सिंह राठौड़, रणवीर सिंह राठौड़, प्रहलाद सिंह, गोपाल सिंह राठौड़, लक्ष्मण सिंह राठौड़, दयाल सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह राठौड़, विक्रम सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह राठौड़, बलवीर सिंह राठौड़, राजेंद्र सिंह राठौड़, श्रवण सिंह राठौड़, राजवीर सिंह राठौड़, नरपत सिंह जेलदार, दीपेंद्र सिंह राठौड़, युवराज सिंह राठौड़, प्रदीप सिंह राठौड़, आकाश सिंह राठौड़, रामसिंह भाभा, किशोर सिंह राठौड़, बलबीर सिंह राठौड़, महिपाल सिंह राठौड़, करण राठौड़, कुणाल जीत सिंह राठौड़, वीर प्रताप सिंह राठौड़, अमन सिंह राठौड़, रविन्द्र सिंह राठौड़, अनुपमा कंवर, पूनम कंवर, हंसा कंवर, मंजू कंवर, निशु कंवर आदि ने अपनी भागीदारी निभाई।



245 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

अजमेर, (कासं)। राजस्थान सरकार के पूर्व वित्तिय सलाहकार एवं आर ए एस अधिकारी गोविंद देव व्यास ने रविवार को यहां कहा है कि प्रतिभाऐं केवल मात्र परीक्षाओं के माध्यम से ही गढ़ी जाती है, जब तक उनमें संस्कारों का उचित समावेश न हो। स्वामी हिरदाराम जी के प्रेरणा से सांई बाबा मन्दिर ट्रस्ट, शान्तात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थान, अजमेर व स्वामी समूह के संयुक्त तत्वाधान 20 वर्षों से आयोजित 38 वें प्रतिभावान सम्मान समारोह के आयोजन रविवार को रसोई बैक्वेट हॉल, स्वामी कॉम्प्लेक्स, में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि व्यास ने देश की भावी पीढ़ी का आ ान किया कि इस तरह की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के पीछे समर्पित परिवार एवं गुरूजनों का सदा सम्मान करें।

उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी असफलताओं से निराश ना हो, जीवन की यही असफलताऐं सफलताओं के नवीन रास्ते खोलती है। इस अवसर पर राजस्थान बोर्ड और सी.बी.एस.ई. परीक्षा 10 वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मान किया गया।

समारोह के विशिष्ठ अतिथि लेखक व चिंतक गिरधर तेजवानी ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी स्मृति विकसित करने के लिए प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए, जीवन में और अधिक शिखर पर पहुंचने के लिए स्मृति के साथ-साथ एकाग्रता भी आवश्यक है।

अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल तकनीकी अधिकारी विनीत लोहिया ने कहा कि प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी अहम स्थान रहता है, दोनों में समन्वय बनाकर स्वच्छ समाज का निर्माण करें, इस अवसर पर दिनचर्या में प्रतिदिन खेलों के माध्यम से व्यायाम, योगाभ्यास में कम से कम एक घंटा समय निकाले। निरोग काया ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है, तभी अपने लक्ष्यों को अर्जित करने में सफलता कर सकेगें।

जेएस ए.आई की वैज्ञानिक प्रियांशी दास ने वहां उपस्थित देश की भावी पीढ़ी को आर्टिफिशल इन्टेलिजेंस की बढ़ती आवश्यकताओं व खोज के बारें में विस्तृत जानकारी दी उन्होनें कहा कि आज समाज व राष्ट्र के प्रत्येक कार्यो में इसकी महत्ता बढ़ती जा रही है।

संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि समारोह में 245 विद्यार्थियों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया, जिनमें 85 प्रतिशत से लेकर 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाल विद्यार्थी शामिल रहे तथा टॉप 11 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व ज्ञानवर्धक पुस्तके प्रदान की गई।

प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रस्टी महेश तेजवानी सांई बाबा मन्दिर ट्रस्ट की ओर से नगद पुस्कार से भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन हरी चन्दानी ने किया व सभी अतिथियों का आभार प्रेम केवलरमानी व्यक्त किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मां सरस्वती व स्वामी हिरदाराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया।

शीतल गर्ग, शौर्य टेकचंदानी, प्रंशसा जैन, ओमकार भुशारी,आहान सिंह मौर्या, जतिन कर्मचंदानी, सहज शिवनानी, दक्ष गुजरानी, हर्षित चौपड़ा, ईति देवत एवं अभिनव बेडवाल का विशेष सम्मान किया गया।

इस अवसर पर डी.पी ज्वैलर्स के प्रतिनिधि कैलाश कुमार ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये, समारोह में पूर्व आरएएस अधिकारी सुरेश सिंधी, दिशा प्रकाश किशनानी, कुसुम आर्य, महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, आई जी भम्भानी, रमेश टिलवानी, एम.टी. वाधवानी, हरीश तनवानी, आदि मौजूद रहे।

'ध्यान व एकाग्रता में ज्ञान एवं वैराग्य की भूमिका महत्वपूर्ण'

अजमेर, (कासं)। योग गुरु व अमेरिका में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक रहे डॉ. मोक्षराज ने कहा कि ध्यान व एकाग्रता में ज्ञान एवं वैराग्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, मन पर नियंत्रण के लिए बुद्धि एवं प्राण का सामंजस्य बनाए रखना जरूरी होता है। ध्यान अध्यात्म का महत्वपूर्ण मुकाम है, जिसकी शुरुआत योग, प्राणायाम तथा सत साहित्य पढ़कर की जानी चाहिए,

यह विचार शनिवार को योग दिवस पर वैशाली नगर स्थित अजयमेरु प्रेस क्लब में योग गुरु व अमेरिका में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक रहे डॉ. मोक्षराज ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि यह शरीर पंच कोश से निर्मित है, इसमें अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय व आनंदमय कोश शामिल हैं, अन्नमय कोश शरीर को पुष्ट करता है, प्राणमय कोश जीवन दायिनी शक्ति प्रदान करता है, मनोमय से विचारों का उद्भव होता है तथा विज्ञानमय कोश बुद्धि व तर्क से किसी विचार को मजबूती प्रदान करता है और आनंदमय कोश इन सब से ऊपर जीवन की वास्तविकता से रूबरू करवाकर मनुष्य को ज्ञान अध्यात्म की ओर अग्रसर करता है।

इस अवसर पर अजयमेरु प्रेस क्लब के सदस्यों की पत्नियों के 'हमसफ़र' परिवार की कई सदस्य मौजूद रही। इनके अलावा डॉ. जगदीश मूलचंदानी, अमित टंडन, सत्यनारायण जाला, नेमीचंद तम्बोली, पूर्व कुलपति प्रो के सी शर्मा, सोम रत्न आर्य आदि भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

जैन मंदिर मार्ग की दुर्दशा सुधारने की गुहार लगाई

अजमेर में सर्वोदय कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर के समीप पुलिया से गुजरने वाला मार्ग श्रद्धालुओं व लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

अजमेर, (कासं)। श्री दिगंबर जैन महासमिति, अजमेर के पदाधिकारियों ने सर्वोदय कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर के समीप पुलिया से गुजरने वाले मार्ग की जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर से इस मार्ग के शीघ्र सुधार की मांग की है।

महासमिति के अध्यक्ष अतुल पाटनी एवं महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर अभिषेक, पूजा और दर्शन हेतु धोती-दुपट्टा धारण कर आने वाले स्त्री-पुरुषों को गड्ढों, जलभराव और कीचड़ के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

महासमिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी एवं व्यवस्थापक मंत्री मनीष पाटनी ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व पुलिया के दोनों ओर केवल बारीक कंकड़ डालकर अस्थायी रूप से डामरीकरण किया गया, जो मामूली वर्षा में ही बह गया। इससे गड्ढे और अधिक गहरे हो गए तथा कंकड़ चारों ओर फैल गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं के वस्त्र गंदे हो जाते हैं और कई बार अभिषेक किए बिना ही लौटना पड़ता है।

गौरतलब है कि जैन समाज के पर्युषण पर्व पर भी आने वाले हैं।स्थानीय नागरिकों ने यह भी बताया कि वर्षा के समय पुलिया के दोनों ओर अत्यधिक जलभराव हो जाता है, जिससे वाहनों की तेज गति के कारण पानी के छींटे लगते हैं और ट्रैफिक भी बाधित होता है।

महासमिति ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस मार्ग का स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण शीघ्र कराया जाए,ताकि जैन श्रद्धालुओं सहित आमजन को भी राहत मिल सके। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से अतुल पाटनी, कमल गंगवाल, ताराचंद सेठी, राकेश पालीवाल, श्रेयांश पाटनी, मनीष पाटनी, संजय कुमार जैन एवं विजय पांड्या, रेनू पाटनी, गुणमाला सेठी, मधु जैन, प्रिया पाटनी, ज्योति सेठी आदि शामिल हैं।

राजगढ़ धाम पर आठ दिवसीय योग शिविर का समापन

अजमेर, (कासं)। भैरव धाम राजगढ़ पर राजस्थान सरकार आयुर्वेद विभाग द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत योगाभ्यास शिविर 30 दिवसीय काउन्ट डाउन कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जून से अनवरत चलाए जा रहे आठ दिवसीय योग शिविर का धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के सानिध्य में विधिवत समापन किया गया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश कुमार मीणा, योग प्रशिक्षक गौतम शर्मा, गौतम शर्मा, नंदराम जाट, रतनलाल सेन एवं एकता रावत आदि ने धाम पर उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को योग के विभिन्न आसनों के माध्यम से योगाभ्यास करवाया एवं योग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय योग अभ्यासिका तमन्ना टाँक ने विभिन्न योग कलाओ के साथ क्लासिकल म्युजिक थीम के माध्यम प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओ को योग साधना के लिये प्रेरित किया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि समापन के अवसर पर आए हुए सभी श्रद्धालुओं व भैरव भक्त मण्डल के सदस्यों को शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, सुषमा व्यायाम सहित अन्य प्राणायाम करवाकर योग शिविर का समापन करवाया गया।

जीवन में दोबारा नशा नहीं करने की शपथ ली

केंद्र एवं राज्य सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आदेशानुसार जिला कलेक्टर अजमेर के निर्देशन पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अजमेर के तथावधान में संयुक्तनिदेशक जयप्रकाश चरण एवं उनकी टीम जिसमें देवेंद्र सरोई, चंद्रसेन मीणा, आकाश चौधरी, प्रकाश यादव, आकाश पवार उपस्थित रहे। उसके बाद भैरव धाम राजगढ़ पर नशा मुक्ति के लिए अपना थिएटर संस्थान की ओर से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया । जिसमें कलाकार जुम्मा खान, सुधीर सैनी, शब्बीर, सलमान, मनोज आदि ने प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।

तत्पश्चात धाम पर उपस्थित लगभग बीस हजार श्रद्धालुओं के जनसैलाब में से करीब तीन हजार श्रद्धालुओं ने नशे का त्याग कर जीवन में दोबारा नशा नहीं करने की शपथ ली। मंदिर प्रबंधन की ओर से राहुल सेन के द्वारा सभी का अभिनंदन कर स्वागत किया गया।

चम्पालाल महाराज ने धाम पर उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए आशीर्वचन में कहा कि नशा तन को तोड़ता है, मन को मरोड़ता है, यह नशा नहीं विनाश है। नशा सिर्फ शरीर को नहीं, बल्कि परिवार, समाज और संस्कृति को भी खोखला कर देता है। जो मनुष्य नशा छोड़कर कर्तव्य और मावन सेवा का मार्ग अपनाता है, वही सच्चा जीवन जीता है। नशा नाश का मार्ग है, और सत्संग, सेवा व संयम ही सच्चा विकास है। आओ, भैरव बाबा की कृपा से आज हम सब मिलकर इस पवित्र धाम से नशा मुक्ति का दीप जलाएं और समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाएं।

रियांबड़ी में बैठक

नागौर, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित की अध्यक्षता में रविवार, को उपखण्ड कार्यालय रियांबड़ी में समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रकरणों की समीक्षा की गई। दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा की तैयारी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पखवाड़े के अंतर्गत चिन्हित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/25/134669
DATE :- 12.06.2025 रजि. हक-परित्याग
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /3594
दिनांक 16/06/2025

श्री गोविन्द प्रसाद गर्ग व मुकेश गर्ग पुत्र श्री घनश्याम लाल गर्ग निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 धर्मा कॉलोनी गायत्री नगर नरसिंहपुरा खसरा नं. 403 प्लाट नं. 21ए क्षेत्रफल 120.88 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी श्री रमेशचन्द के नाम पटटा विलेख जारी है। तत्पश्चात रजि. बेचान-नामा दिनांक 14.12.2005, रजि हक-परित्याग दिनांक 16.05.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है । अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नही होगी।

आयुक्त नगर परिषद ब्यावर

81.15 लाख रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार को वार्ड नं. 42 व 50 में 81.15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक निर्माण व अलवर गेट पुलिया का शिलान्यास किया।

विधायक भदेल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक कोष से 16.15 लाख रुपए की राशि जारी कर शिव मंदिर के पास अलवर गेट रोड से जादूघर सेंट थॉमस को जाने वाली पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

साथ ही 65 लाख रुपए की लागत से अलवर गेट चौराहा से अलवर गेट थाना होते हुए मेयो कॉलेज चौराहा तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास आज किया गया है। उन्होने कहा कि इस क्षेत्र में तीन महीने में यहां पर तीसरा शिलान्यास कार्यक्रम हो रहा है। पूर्व में भी विधायक निधि कोष से सतगुरु कॉलोनी गेट की पुलिया का शिलान्यास किया गया था जिसका कार्य प्रगतिरत है और आज फिर इस वार्ड में 81.15 लाख रुपए के निर्माण कार्यो की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है।

विधायक भदेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह जनता का पैसा है जनता के कार्य के लिए ही खर्च किया जायेगा। जनता के सहयोग से ही कार्य होते है सफल, उन्होने कहा कि पूर्व में जब सतगुरु कॉलोनी की पुलिया का शिलान्यास करने आई थी तब यहा के क्षेत्रवासियों ने अवगत कराया था कि वर्षा ऋतु में एस्केप चैनल के पानी का बहाव अत्यधिक होने के कारण पानी पुलिया के ऊपर से गुजरता है, जिससे सभी दुकानदारों की दुकान में पानी घुस जाता है साथ ही जादूघर क्षेत्र में भी घर जलमग्न हो जाते है, जिसको ध्यान में रखते हुए इस पुलिया को ऊचा कराने का आग्रह क्षेत्रवासियों द्वारा किया गया था, जिसें मैने शीघ्र ही एडीए के अधिकारियों को निर्देशित कर मौका मुआयाना कर पुलिया का तकमीना तैयार करने हेतु कहा और मेरे विधायक निधि कोष से राशि की स्वीकृति जारी की गई।

विधायक भदेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं प्रदेश के विकास को गति देने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में नित नए नवाचार कर आमजन को लाभांवित करने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उमेश माखीजानी द्वारा विधायक भदेल को प्रेमानन्द जी महाराज का स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला मंत्री राजेश घाटे, झलकारी बाई पूर्व मण्डल अध्यक्ष हेमंत सांखला, मण्डल महामंत्री संदीप माखजानी, रोहित सोगरा, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा गोस्वामी, शक्ति केन्द्र संयोजक मोहन राजोरिया, सुन्दर सिंह टांक, भारत भूषण, बूथ अध्यक्ष दिनेश बघेल, फतेह सिंह, मंजीत सलूजा, बीना टांक, दिनेश बघेल, निर्मल जनूठिया, गजेन्द्र कुमार, विनोद बागोरिया, रणजीत सिंह नरुका, अजीत सिंह एडवोकेट, अल्का गहलोत, रिद्वी माखीजानी, श्रुति, महेश बैरवा, गुरुदत्त, अंजना शेखावत, सीलम बैरवा, कृष्णा सोनी, आदर्श मण्डल अध्यक्ष हितेश ढाबरिया, रविन्द्र सिंह जादोन, गौरव टांक, रामसिंह बागवान, वरणदीप सिंह, चेतन माली, महावीर सिंह, जितेन्द्र गहलोत सहित ई जने उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भरता में प्रशिक्षण सहायक : नीरज जैन

अजमेर, (कासं)। मणिपुंज प्रतिभा पल्लवीत केंद्र बालघर अजमेर द्वारा आयोजित निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम सिलाई प्रशिक्षण, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं योग प्रशिक्षण का समापन समारोह नीरज जैन उपमहापौर अजमेर, पारस जांगिड़ अधीक्षक जेल ट्रेनिंग सेंटर, पी सी जैन ट्रस्टी महावीर इंटरनेशनल अपेक्स, इंदू जैन अध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल अजमेर के आतिथ्य में संस्था परिसर में मनाया गया। इस बवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

नवकार मंत्र व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अर्चना जैन द्वारा संस्थान की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया गया।

नीरज जैन उपमहापौर नगर निगम अजमेर ने अपने संबोधन में संस्थान के कार्यकलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उक्त तीनों कार्यक्रम सराहनीय एवं वर्तमान समय की मांग के अनुसार है, इसके अंतर्गत व्यक्ति का स्वयं का कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

साथ ही योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है, सिलाई प्रशिक्षण से सीखने वाली महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ जाती है। पारस जांगिड़ अधीक्षक जेल ट्रेनिंग सेंटर, पी सी जैन इंदू जैन ने भी संस्थान की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों को आगे भी करते रहने की प्रेरणा प्रदान की।

संस्थान की ओर से योग प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक यतीन्द्र शास्त्री, मनीषा साहनी, उर्वशी टेलर, आत्मरक्षा प्रशिक्षण के प्रशिक्षक प्रदीप वर्मा, सिलाई प्रशिक्षण प्रशिक्षक योगिता परमार का माला व मोमेंटो द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले पदम चंद जैन, कमल बाफना, राहुल गांधी, हास्य योग कराने वाले डॉक्टर विष्णु दत्त का भी माला व मोमेंटो से सम्मान किया गया।

सभा का संचालन मधुलिका सेठ द्वारा किया गया।

आम सूचना

मैसर्स ग्रेनाईट वर्ल्ड पता, ई 502, चतुर्थ चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़, जिला अजमेर, राज. शपथपूर्वक निम्न बयान करते है कि - यह है कि पूर्व में इस फर्म में 4 भागीदार थे 1. श्री चिरायु गोयल 2. श्री सौरभ गुप्ता 3. श्री विवेक मोहन अग्रवाल 4. श्री रिषभ अग्रवाल दिनांक 30.04.2025 से 1. श्री विवेक मोहन अग्रवल 2 श्री रिषभ अग्रवाल स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रहे हैं और दिनांक 30.04.2025 से 1. श्री जितेन्द कुमार अग्रवाल 2. श्रीमति मंजु देवी अग्रवाल फर्म में नये भागीदार के रूप में शामिल हो रहे हैं, जिसमें हम सभी भागीदारों की सहमति है तथा वर्तमान में इस भागीदारी फर्म में हम निम्न भागीदार है 1. श्री चिरायु गोयल 2. श्री जितेन्द कुमार अग्रवाल 3. श्रीमति मंजु देवी अग्रवाल 4. श्री सौरभ गुप्ता। इस आम सूचना से अगर किसी को आपति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र) अजमेर मे सूचित करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नही किया जायेगा।

श्री चिरायु गोयल, ग्रेनाईट वर्ल्ड

आम सूचना

मैसर्स सालासर बालाजी ग्रेनाईटस पता प्लॉट नं. 11, खसरा नं. 168/1, गाँव रहीमपुरा, पंचायत खातौली, तहसील किशनगढ, जिला अजमेर राज. भागीदारी फर्म है जिसका रजिस्ट्रेशन नं. RF/AJM/2020/1864 दिनांक 28/07/2020 है। यह है कि पूर्व में हम 4 भागीदारी थे 1. श्रीमति डोलेसरी देवी पत्नि श्री रामेश्वर लाल 2. श्री रामेश्वर पुत्र श्री झाबर 3. श्री संतोष कुमार तिवाडी पुत्र श्री रामेश्वर लाल तिवाडी 4. श्री अम्बरीश पारीक पुत्र पांचु लाल पारीक दिनांक 14.01.2025 से 1.श्री संतोष कुमार तिवाडी पुत्र श्री रामेश्वर लाल तिवाडी 2. श्री अम्बरीश पारीक पुत्र पांचु लाल पारीक स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रहे हैं, जिसमें हम सभी भागीदारों की सहमति है। वर्तमान में इस भागीदारी फर्म में हम निम्न भागीदार है 1. श्रीमति डोलेसरी देवी पत्नि श्री रामेश्वर लाल 2. श्री रामेश्वर पुत्र श्री झाबर। इस आम सूचना से अगर किसी को आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस मे रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र) अजमेर में सुचित करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

रामेश्वर, सालासर बालाजी ग्रेनाईटस

आम सूचना

मैसर्स सालासर बालाजी ग्रेनाईटस पता प्लॉट नं. 11, खसरा नं. 168/1, गाँव रहीमपुरा, पंचायत खातौली, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर राज. भागीदारी फर्म है, जिसका रजिस्ट्रेशन नं. RF/AJM/2020/1864 दिनांक 28/07/2020 है। यह है कि पूर्व में हम 2 भागीदारी थे 1. श्रीमति डोलेसरी देवी पत्नि श्री रामेश्वर लाल 2. श्री रामेश्वर पुत्र श्री झाबर दिनांक 25.09.2020 से 1. श्री संतोष कुमार तिवाडी पुत्र श्री रामेश्वर लाल तिवाडी 2. श्री अम्बरीश पारीक पुत्र पांचु लाल पारीक नये भागीदार के रूप में सम्मलित हो रहे हैं, जिसमें हम सभी भागीदारों की सहमति है। वर्तमान में इस भागीदारी फर्म में हम निम्न भागीदार है 1. श्रीमति डोलेसरी देवी पत्नि श्री रामेश्वर लाल 2. श्री रामेश्वर पुत्र श्री झाबर 3. श्री संतोष कुमार तिवाडी पुत्र श्री रामेश्वर लाल तिवाडी 4. श्री अम्बरीश पारीक पुत्र पांचु लाल पारीक। इस आम सुचना से अगर किसी को आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र) अजमेर में सूचित करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

रामेश्वर, सालासर बालाजी ग्रेनाईटस